

## द कपिल शर्मा शो के खिलाफ एफआईआर

टीवी के सबसे पॉप्युलर कॉमिडी शो द कपिल शर्मा शो के मेकर्स मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं। इस शो के खिलाफ मध्य प्रदेश की शिवपुरी जिला अदालत में एफआईआर दर्ज की गई है। यह शिकायत शो के एक एपिसोड के खिलाफ की गई है जिसमें कलाकार एक कोर्टरूम सीन करते हुए स्टेज पर शराब पीते हुए दिखाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि कलाकारों ने शो के दौरान अदालत का अपमान किया है। तब कपिल शर्मा ने बताया था कि अमृतसर में गदर फिल्म के एक सीन की शूटिंग चल रही थी। तभी वहां अफवाह फैला दी गई कि जो भी शूटिंग का हिस्सा बनेगा, उसे सनी देओल से मिलने का मौका मिलेगा। यह सुनकर कपिल शर्मा भी शूटिंग लोकेशन पर पहुंच गए। पर पता चला कि उस दिन सिर्फ अमरीश पुरी और अमीषा पटेल का सीन शूट किया जा रहा था। कपिल शर्मा ने आगे बताया कि उन्हें गदर में एक सीन के शूट करने के लिए लिया गया। साथ में उनका एक दोस्त भी था। दोनों के हाथ में बड़े–बड़े पतीले थे। सीन के मुताबिक, उन्हें ट्रेन के चलते ही दौड़ना था और दौड़कर ट्रेन में चढ़ना था। कपिल शर्मा उस सीन में दो–तीन बार ट्रेन पर चढ़ गए। पर तभी उन्होंने सोचा कि ऐसे तो भीड़ में वह दिखेंगे नहीं और फिर फिल्म में सीन नहीं आ पाएगा। तब कपिल शर्मा ने एक तरकीब सोची।

## प्रियंका चोपड़ा की याद में बटर चिकन और गाजर हलवा खा रहे हैं निक जोनस

इंटरनैशनल स्टार प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की जोड़ी हमेशा सुर्खियों में बनी रहती है। सोशल मीडिया पर प्रियंका और निक काफी ऐक्टिव हैं और अपनी रोजाना की बातों को फैन्स के साथ शेयर करते हैं। प्रियंका चोपड़ा ने जहां अपने इंस्टाग्राम पर खूबसूरत तस्वीरें शेयर करते हुए गर्मियों को अलविदा कहा है वहीं निक जोनस ने वाइफ प्रियंका के रेस्तरां सोना में फैमिली डिनर को याद करते हुए एक तस्वीर शेयर की है। निक जोनस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में प्रियंका के न्यू यॉर्क के रेस्तरां सोना के मेन्यू कार्ड की तस्वीर शेयर की है। इसके ऊपर निक ने लिखा है, यह फैमिली डिनर याद है। इस रेस्तरा में निक जोनस प्रियंका के लिए बनाए गए एक प्राइवेट स्पेस में बैठे नजर आए थे। रेस्तरा के मेन्यू में बकेट भेल, ढाबा दाल तड़का, गोवा फिश करी, बटर चिकन और गाजर हलवा जैसे भारतीय खाने नजर आ रहे हैं। बता दें कि प्रियंका हाल में 16 सितंबर को निक जोनस के बर्थडे पर यूएस पहुंची थीं। प्रियंका केवल एक ही दिन में वहां से वापस लंदन लौट आई थीं।

## शर्लिन चोपड़ा ने शिल्पा शेट्टी–राज कुंद्रा पर साधा निशाना



ऐक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा ने राज कुंद्रा के पॉर्नोग्राफी केस में वाइफ शिल्पा शेट्टी द्वारा दिए गए एक बयान पर चुटकी लेते हुए कहा था कि दीदी येड़ा बनकर पेड़ा खा रही हैं। अब उन्होंने एक बार फिर शिल्पा और राज कुंद्रा पर निशाना साधा है। शर्लिन ने शिल्पा पर धावा बोलते हुए कहा है कि उन्हें अपने बंगले और पॉर्न की दुनिया से बाहर निकलकर कुछ करना चाहिए। शर्लिन चोपड़ा ने कहा कि शिल्पा अगर रील लाइफ में लोगों के प्रति सहानुभूति दिखाने के बजाय रियल लाइफ में पीड़ित महिलाओं और बच्चों के लिए कुछ करेंगी तो पूरी दुनिया उन्हें साष्टांग प्रणाम करेगी। बता दें कि पॉर्नोग्राफी केस में जेल में बंद शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा हाल ही जेल से रिहा हो गए। राज कुंद्रा करीब 60 दिन बाद जेल से बाहर आए, जिसके बाद शिल्पा ने सोशल मीडिया पर एक पॉजिटिव नोट शेयर किया था। शिल्पा शेट्टी ने मुंबई क्राइम पुलिस को दिए बयान में कहा था कि वह पति राज कुंद्रा की गतिविधियों के बारे में कुछ भी नहीं जानती थीं। बिजी रहने के चलते वह नहीं जानती थीं कि आखिर राज कुंद्रा क्या कर रहे हैं। जहां शर्लिन ने उनके इस बयान पर चुटकी ली थी, वहीं अब उन्होंने फिर शिल्पा पर निशाना साधा है।

# जब काजोल संग अफेयर की खबरों पर चिढ़ गए थे शाहरुख

### बोले– मैं किसी हिरोइन के साथ नहीं सोया

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बॉलिवुड के बादशाह शाहरुख खान और काजोल की जोड़ी ने बड़े पर्दे पर एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। एक समय ऐसा भी आया था जब शाहरुख खान और काजोल के बीच अफेयर की चर्चा उड़ी थी। ऐसी अफवाहों पर शाहरुख खान ने खुलकर जवाब दिया था। वैसे केवल काजोल ही नहीं बल्कि जूही चावला और प्रियंका चोपड़ा के साथ भी शाहरुख के अफेयर की खूब अफवाहें फैली थीं।*

**काजोल के बारे में बोले थे शाहरुख- वह एक बच्ची है**

एक पुराने इंटरव्यू में शाहरुख ने मीडिया में उनके और काजोल के अफेयर के बारे में बोलते हुए कहा, श्क्या काजोल और मैं? वह एक बच्ची है और तनूजा आंटी की बेटी है। वह मेरी बहन जैसी है और गौरी भी उसे पसंद करती हैं।

**मैं अपनी किसी हिरोइन के साथ नहीं सोया**


एक अन्य इंटरव्यू में शाहरुख हिरोइनों के साथ अपने अफेयर की चर्चा में कहा था, श्मैंने जूही, माधुरी, मनीषा, शिल्पा, सोनाली, नगमा, सुचित्रा कृष्णमूर्ती, उर्मिला जैसी हिरोइनों के साथ काम किया। मैं इनके साथ सोया नहीं हूं और न ही मैं काजोल के साथ सोया हूं।श

**मैं और लड़कियों के पीछे क्यों भागूंगा?**

शाहरुख ने कहा कि वह GAY नहीं हैं लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि वह किसी भी साथ में काम करने वाली लड़की के साथ सो जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी महिला का कैरेक्टर, बुद्धिमानी और सुंदरता उन्हें अट्रैक्ट करती है। शाहरुख ने इस पर आगे कहा, मेरी पत्नी गौरी के पास ये सारी खूबियां हैं तो मैं और लड़कियों के पीछे क्यों भागूंगा?

**तो काजोल के साथ काम करना बंद कर दूंगा**

शाहरुख ने अपने अफेयर की चर्चाओं पर आगे कहा, अगर वास्तव में मेरा



किसी से अफेयर होता भी तो मैं इतना स्मार्ट हूं कि कभी किसी को पता नहीं चलेगा। शाहरुख ने यह भी कहा कि जब ऐसी अफवाहें उड़ने लगीं तो उन्होंने जूही चावला के साथ फिल्में करनी बंद कर दीं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके और काजोल के बारे में अगर आगे अफवाएं उड़ती रहीं तो वह काजोल के साथ भी काम करना बंद कर देंगे।

**इन फिल्मों में नजर आई शाहरुख-काजोल की जोड़ी**

बता दें कि शाहरुख खान और काजोल ने एक साथ बेहतरीन हिट फिल्में दी हैं। अभी तक इन दोनों की जोड़ी बाजीगर, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, करण अर्जुन, कुछ कुछ होता है, कभी खुशी कभी गम, माय नेम इज खान, दिलवाले जैसी फिल्मों में काम किया है। इनमें से ज्यादातर फिल्मों को दर्शकों ने खूब पसंद किया है।

# 55 की उम्र में सलमान खान ने बताया कुंवारेपन का फायदा

### कहा– खुद का बॉस हूं, न किसी का डर है, न दखल



*सलमान खान की उम्र 55 साल हो चुकी है, लेकिन आज भी वह सिंगल ही हैं। जहां फैन्स उनकी शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं ऐक्टर खुद कह चुके हैं कि वह सिंगल ही खुश हैं। अब सिंगल रहकर वह खुश किसलिए हैं, यह सलमान ने हाल ही श्बिग बॉस 15 के लॉन्च पर रिवील कर दिया।*

बिग बॉस 15 को 23 सितंबर को लॉन्च किया गया, जिसमें सलमान ऑस्ट्रिया से जुड़े। ऑस्ट्रिया में वह टाइगर 3 की शूटिंग कर रहे हैं। सलमान ने यहां बिग बॉस और अपने बीच की समानता पर बात की। उन्होंने कहा कि उनके और बिग बॉस के बीच एक समानता है कि दोनों ही सिंगल हैं और इसी कारण वह खुद के बॉस हैं।

**कुंवारे हैं तो खुद के बहस हैं, ना किसी का डर ना दखल**

सलमान ने कहा, बिग बॉस और मेरे बीच में एक समानता है कि हम दोनों ही कुंवारे हैं। इसीलिए हम दोनों बॉस हैं। न किसी का डर है और न किसी का दखल।

**लंबे समय तक टिकने वाला इकलौता रिश्ता**

लॉन्च इवेंट में ही सलमान ने यह भी कहा कि बिग बॉस उनकी जिंदगी का इकलौता रिश्ता है जो इतने लंबे समय तक टिका है। वह बोले, श्बिग बॉस मेरी लाइफ का इकलौता रिलेशनशिप है जो इतने लंबे समय तक टिका है। वर्ना मेरे रिश्ते...छोड़िए जाने दीजिए। लेकिन कभी–कभी उन चार महीनों में हम एक–दूसरे के आमने–सामने नहीं दिखते लेकिन जब हम अलग हो रहे होते हैं, तो फिर से एक होने के लिए बेताब रहते हैं। बता दें कि निजी जिंदगी में सलमान का कई ऐक्ट्रेसेस के साथ नाम जोड़ा गया और कुछ के साथ उनका रिलेशनशिप भी रहा। लेकिन किसी से 2 साल तो किसी ने 3 या 4 साल के अंदर ही ब्रेकअप हो गया। सलमान हैपिली सिंगल हैं और बैचलरहुड इंजॉय कर रहे हैं। इतना ही नहीं, सलमान ने आगे यह भी बताया कि उनमें और बिग बॉस में क्या–क्या कॉमन है। उन्होंने कहा, बिग बॉस और मेरे बीच में एक समानता है कि हम दोनों ही कुंवारे हैं। इसीलिए हम दोनों बिना किसी डर या दखल के खुद को बॉस मानते हैं।